दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 96 मुरादाबाद 31 July 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, लीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी ने NTPC की 5200 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास, बोले- भारत की प्रगति को नई गति देगा पावर सेक्टर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य-पावर @2047 कार्यक्रम में लिया हिस्सा। इस दौरान पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विद्युत क्षेत्र के लिए पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना का शुभारंभ किया। साथ ही पीएम मोदी ने 5200 करोड़ रुपये से अधिक की एनटीपीसी की विभिन्न हरित ऊर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में देश में लगभग 1 लाख 70 हज़ार मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता जोड़ी गई है। वन नेशन वन पावर ग्रिड आज देश की ताकत बन चुका है। पूरे देश को जोड़ने के लिए लगभग 1 लाख 70 हजार सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन्स बिछाई गईं हैं।राजनीति में जनता को सच बताने का साहस होना चाहिए- पीएम मोदी पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि समय के साथ हमारी राजनीति में एक गंभीर विकार आता गया है। राजनीति में जनता को सच बताने का साहस होना चाहिए, लेकिन हम देखतें हैं कि कुछ राज्यों में इससे बचने की कोशिश होती है। ये रणनीति तात्कालिक रूप से अच्छी राजनीति लग सकती है। लेकिन ये आज के सच, आज की चुनौतियों, अपने बच्चों के लिए, अपनी भावी पीढ़ियों के लिए टालने जैसा है। पीएम मोदी बोले- राज्यों पर 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश को ये जानकर



हैरानी होगी कि अलग-अलग राज्यों का 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। ये पैसा उन्हें पावर जेनरेशन कंपनियों को देना है। पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों का अनेक सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों पर भी 60 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। अलग-अलग राज्यों में बिजली पर सब्सिडी का जो कमिटमेंट किया गया है, वो पैसा भी इन कंपनियों को समय पर पूरा नहीं मिल पाता। ये बकाया भी 75 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक का है। यानि बिजली बनाने से लेकर घर-घर पहुंचाने तक का जिम्मा जिनका है, उनका लगभग ढाई लाख करोड़ रुपए फंसा हुआ है। जिन राज्यों के बकाया हैं, मेरा उनसे आग्रह है कि वे जितना जल्दी संभव हो सके सब क्लीयर करें। साथ ही उन कारणों पर भी ईमानदारी से विचार करें कि जब देशवासी ईमानदारी से अपना बिजली का बिल चुकाते हैं, तब भी कुछ राज्यों का बार-बार बकाया क्यों रहता है? बिजली के बिना जीवन की कोई कल्पना नहीं कर सकता- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज के समय में बिजली के बिना जीवन की कोई कल्पना ही नहीं कर सकता है। मेरे लिए बहुत संतोष का विषय है कि बीते वर्षों में हमने ऊर्जा के क्षेत्र में पिछली बहुत सी कमियों को दूर कर पॉवर सेक्टर को मजबूती दी है। पीएम ने आगे कहा कि आपको याद होगी कि आजादी के 70 साल बाद भी देश के 18 हजार गांवों तक बिजली नहीं पहुंच सकी थी। आज के नए भारत में गांवों गांवों में लोग बिजली का बिजली का उत्पादन कर सकें, इस दिशा में काम हो रहा है।

अगले 25 वर्षों में भारत की प्रगति को गति देगा पावर सेक्टर- पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत की प्रगति को गति देने में एनर्जी सेक्टर, पावर सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका है। एनर्जी सेक्टर की मजबूती Ease of Doing Business के लिए भी जरूरी है और Ease of Living के लिए भी उतनी ही अहम है।

ग्रीन हाइड्रोजन के दो बड़े प्रोजेक्ट पर आज से काम शुरु- पीएम मोदी पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि लद्दाख और गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन के दो बड़े प्रोजेक्ट पर आज से काम शुरु हो रहा है। लद्दाख में लग रहा प्लांट देश में गाड़ियों के लिए ग्रीन हाईड्रोजन का उत्पादन करेगा। ये देश का पहला प्रोजेक्ट होगा, जो ग्रीन हाइड्रोजन आधारित ट्रांसपोर्ट के कमर्शियल इस्तेमाल को संभव बनाएगा।

## संकेत सरगर ने खोला Commonwealth Games 2022 में भारत के पदकों का खाता, वेटलिफ्टिंग में उठाया सिल्वर मेडल




commonwealth games 2022 में भारत को दूसरे दिन पहला पदक मिला। वेटलिफ्टर संकेत सरगर ने भारत की झोली में पहला पदक डालने का काम किया। संकेत सरगर ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। हालांकि, वे गोल्ड मेडल भी जीत सकते थे, लेकिन फाइनल में दूसरे अटेम्प्ट के दौरान वे चोटिल हो गए। चोट के बावजूद वे तीसरे अटेम्प्ट के लिए आए, लेकिन उनकी वो चोट और भी ज्यादा गंभीर हो गई। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के दूसरे दिन संकेत सरगर ने 55 किलो की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के फाइनल में 135द्मद्द के क्लीयर जर्क के साथ कुल 248द्मद्द वेट उठाया। वहीं, मलेशिया के अनीक ने 142द्मद्द क्लीयर जर्क के साथ 249kg वेट उठाया और गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। 21 साल के संकेत सरगर ने देश का नाम रोशन करने का काम किया है। हालांकि, पूरे देश को उम्मीद होगी कि उनकी चोट जल्दी ठीक हो जाए।

## CM योगी का बिजली के बहाने अखिलेश पर निशाना, बोले-यूपी के हर शहर और हर गांव को बनाना है वीआईपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ऊर्जा दिवस और बिजली महोत्सव में नाम लिए बिना समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले ( सपा राज में ) सिर्फ 4 जिले वीआईपी होते थे। अब प्रदेश के हर शहर और हर गांव को वीआईपी बनाना है। इस मौके पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने दो हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले 17 विद्युत उपकेंद्रों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि 2017 में बीजेपी की सरकार बनने से पहले यूपी में करीब 1.21 लाख गांव ऐसे थे जहां आज़ादी के बाद से बिजली पहुंच नहीं पाई थी। हमारी सरकार ने सौभाग्य योजना के तहत 1.43 करोड़ गरीब परिवारों को निशुल्क बिजली कनेक्शन देने का काम किया है।छूटे हुए सभी मजरों और घरों को बिजली देने का काम करना है। प्रदेश के हर शहर और हर गांव को ऊर्जा के क्षेत्र में वीआईपी बनाना है। पहले राज्य के चार जिले ऊर्जा के लिए वीआईपी हुआ करते थे। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिलिंग, कलेक्शन बढ़ाकर ऊर्जा विभाग को आत्मनिर्भर बनाएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में 2000 करोड़ से अधिक लागत से बने 17 विद्युत उपकेन्दों का लोकार्पण और शिलान्यास करने के दौरान दी। इन नए उपकेंद्रों के शुरू होने से दर्जनों जिलों में विद्युत आपूर्ति बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि सरकार बचे मजरों और हर घर तक बिजली पहुंचाएगी।



## अखिलेश यादव का सपा को सड़क पर उतारने का प्लान, 9 अगस्त को गाजीपुर से निकालेगी पदयात्रा

अखिलेश यादव से हाल ही में अलग हुए सुभासपा चीफ ओमप्रकाश राजभर और भाजपा नेता उन पर एसी कमरे में रहकर राजनीति करने का आरोप लगाते रहते हैं लेकिन अब समाजवादी पार्टी सड़क पर अभियान चलाती नज़र आएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसका पूरा प्लान तैयार कर लिया है। शुरुआत नौ अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर गाजीपुर से होगी। समाजवादी पाटी द्वारा घोषित किए गए कार्यक्रम के अनुसार पार्टी नौ अगस्त से गाजीपुर से देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा निकालेगी। यात्रा का पहला चरण गाजीपुर, बलिया, मऊ, जौनपुर, भदोही होते हुए 27 अक्टूबर को वाराणसी में खत्म होगा। यात्रा नौ अगस्त को सुबह 11 बजे गाजीपुर स्थित सपा के जिला कार्यालय से शुरू होगी। 27 अगस्त को बलिया, 8 सितम्बर को मऊ, 15 सितम्बर को आजमगढ़, 3 अक्टूबर को जौनपुर, 14 अक्टूबर को भदोही, 19 अक्टूबर को वाराणसी पहुंचेगी। 27 अक्टूबर को पदयात्रा के पहले चरण का समापन होगा। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि पदयात्रा जिन जिलों से गुजरेगी उनके समाजवादी पार्टी कार्यालयों, सभी विधानसभा क्षेत्रों, तहसीलों और ब्लॉकों में पहुंचेंगी। यात्रा में समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान, तिरंगा झंडा अभियान, नुक्कड़ सभा, जुलूस, संगोष्ठी वृक्षारोपण और पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता के कार्यक्रम होंगे।

समाजवादी पार्टी यूं तो इस पदयात्रा के जरिए जनजागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दे भी उठा रही है लेकिन इसका असली मकसद यूपी में पार्टी की जमीन को एक बार फिर मजबूत करना है। अखिलेश यादव पार्टी कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतारकर 2024 लोकसभा चुनाव से पहले सपा को यूपी के राजनीतिक प्लेटफार्म पर सक्रिय करना चाहते हैं। इसके लिए पार्टी में लगातार मंथन चल रहा है और कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं।

# बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन, जिलाधिकारी ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का किया शुभारम्भ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद के समस्त बैंक प्रबंधकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्याशाला के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में बैंकर्स को विस्तृत जानकारी दी जायेगी, जिससे स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज में बैंक प्रबंधकों का अपेक्षित सहयोग मिले एवं जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हो सकें। इस कार्यशाला से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक, बैंक सखी के मध्य सामंजस्य स्थापित होगा। जिससे स्वयं सहायता समूह के सदस्य को अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जोडा जा सकेगा। उन्होने कहा की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने हेतु स्वयं सहायता समूहों का अधिक से अधिक वित्त पोषण आवयक है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा है। बैंकर्स के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ाने में मदद मिलेगी।राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद से आये नेशनल रिसोर्स पर्सन के द्वारा कार्याला में भारतीय रिजर्व बैंक की स्वयं सहायता समूह के बैंक लिंकेज से संबंधित नई गाइडलाइन के संबंध में बैंक प्रबंधकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं जिले के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में स्वयं सहायता समूह व संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद के द्वारा भी कार्यशाला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त होने वाले रिवॉल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि, सी0सी0एल0, सी0बी0आर0एम0, बैंक सखी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में स्वयं सहायता समूहों के सी0सी0एल0 मे बैंक स्तर पर आने वाली समस्यों का समाधान भी रिसोर्स पर्सन के द्वारा किया गया एवं स्वयं सहायता समूह के द्वारा पूर्ण प्रपत्र बैंकों में प्रेषित करने व पंचसूत्र का पालन करने हेतु कहा गया, जिससे बैक प्रबंधकों के द्वारा अधिक से अधिक सी0सी0एल0 किया जा सके। कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर स्वयं सहायता समूहों के उत्थान पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम समुझ, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, जिला मिशन प्रबन्धक गौरव धुरिया, अखिलेश, आलोक कुमार, अंजू मौर्या, रामपति एवं समस्त ब्लाक मिशन प्रबन्धक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शौहार्द बिगाडने वाले दो गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, थाना मल्हीपुर मय हमराही मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1.कल्लन कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी चाँदपुरा सलारगंज थाना को0 दरगाह जिला बहराइच 2.जहीर हसन पुत्र मकबुल हसन निवासी मो0 चांदपुरा वसीरगंज थाना को0 नगर जनपद बहराईच 3. मो0 नसीम कुरैशी पुत्र कल्लन कुरैशी निवासी मो0 चांदपुरा सालारगंज थाना को0 दरगाह जिला बहराइच द्वारा बहराइच से अवैध भैसा/पडवा के मांस बेचते है जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है व पवित्र माह में शौहार्द बिगड़ सकता है इस सूचना पर अभियुक्तगण उपरोक्त को कस्बा बदला से गिरफ्तार किया गया। थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 337/2022 धारा 429, 505 (1)ड्ड,505 (1)ष्ट भा0द0सं0 पंजीकृत किया

# हरदुआगंज थाने में किसानों पर हरिजन एक्ट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी -ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने हरदुआगंज थाना इंस्पेक्टर द्वारा लगाई गई किसान पर हरिजन एक्ट का खुलकर विरोध किया है कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष पर जाति बादी का जमकर आरोप लगाए हैं इस संबंध में कल एसएसपी दफ्तर पर हरिजन एक्ट के विरोध में शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन दिया जाएगा हरिजन एक्ट को हटाने की मांग की जाएगी साथ ही इंस्पेक्टर हरिद्वार को हटाने की मांग की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि 75 वर्ष के किसान मनवीर सिंह 12 वर्ष का नाबालिक लड़का एनी उर्फ अनुज पर जो हरिजन एक्ट लगाई गई है नियम विरुद्ध है पानी के पीछे कहासुनी हुई है हरिजन एक्ट का तो कोई मतलब ही नहीं होता हरिजन एक्ट 2 किसानों को जेल भेजा गया है जो किसान बाहर हैं किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हरिजन एक्ट को वापस लिए जाने की मांग की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में महानगर की बैठक बुलाई इसमें निर्णय लिया गया इस संबंध में एसएसपी को एवं डीआईजी को अवगत कराया जाएगा और एक ज्ञापन भी दिया जाएगा और हरिजन एक्ट को हटवाने की मांग की जाएगी थाना अध्यक्ष हरदुआगंज को तत्काल हटाने की मांग की जाएगी 75 वर्ष के बुजुर्ग पर हरिजन एक्ट 12 वर्ष के नाबालिग बच्चे पर गोली चलाने के आरोपों को संगठन एक सिरे से खारिज करता है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ की सरकार है किसानों पर हर जगह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस बैठक में ठाकुर चित्र पाल सिंह महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा विनोद कुमार यादव उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सुशील भारद्वाज उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भूपेंद्र सिंह नीटू उपाध्यक्ष किसान मोर्चा विजय विक्रम सिंह महानगर महामंत्री किसान मोर्चा महेश चंद्र बघेल महानगर मंत्री किसान मोर्चा अमित प्रताप सिंह महानगर मंत्री किसान मोर्चा भारत सिंह महानगर मंत्री किसान मोर्चा संजय कुमार सिंह उर्फ सनी ठाकुर कोषा अध्यक्ष महानगर किसान मोर्चा अनुज कुमार मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा चंद्रमोहन सारस्वत सोशल मीडिया प्रभारी महानगर किसान मोर्चा रामपाल सिंह बघेल महेंद्र पाल बघेल गब्बर सिंह राकेश कुमार कुशवाहा विष्णु गोपाल शर्मा सचिन कुमार सिंह चंद्रभान सिंह कैलाश चंद कुशवाहा नितिन शर्मा संजय यादव आदि सभी कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बिजली महोत्सव का आयोजन संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-संपूर्ण भारत वर्ष में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (विद्युत मंत्रालय) के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय सीताद्वार इकौना में बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। केंद्र और राज्य के सहयोग से विद्युत क्षेत्र में हुए विभिन्न उपलब्धियों को मनाने के लिए बिजली महोत्सव को एक मंच के रूप में मनाया गया। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से बिजली क्षेत्र में हासिल किए गए प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। यह महोत्सव उज्वल भारत उज्जवल भविष्य पॉवरऋ2047 के तहत पूरे देश में बिजली महोत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक जन भागीदारी और विकास में ज़मीन से जुड़े लोगों को इसमें सम्मिलित होना सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार व प्रदेश सरकारों के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करते हुए भारत के आम आदमी की प्रगति उसके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाकर भारत को एक सुदृढ व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित प्रधानमंत्री जी के सपनों को पूरा करने में योगदान दे रही।

इस दौरान विधायक रामफेरन पांडे के प्रतिनिधि अवधेश पांडेय ने भी बिजली से क्षेत्र में हो रहे विकास पर प्रकाश डाला और पिछले कुछ वर्षों में बिजली क्षेत्र के अभूतपूर्व वृद्धि पर अपनी राय खुल कर रखी।इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और विद्युत क्षेत्र पर बनी लघु फिल्मों आदि का आयोजन किया गया। भारी भीड़ को देखते हुए सभी को सामाजिक दूरी और मास्क पहनने जैसे कोविड सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन भी कराया गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित लोगों को मास्क आदि भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विद्युत डी0पी0 सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, विद्युत विभाग के कर्मचारीगण एवं भारी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों ने भी उत्सव में प्रतिभाग किया।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा बिजली महोत्सव का वेबलिंक माध्यम से प्रसारण सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बिजली महोत्सव कार्यक्रम का वेबलिंक माध्यम से प्रसारण कलेक्टेªट स्थित एनआईसी स्टूडियों में सम्पन्न हुआ, जिसमें विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सभी जनपदों में 31 जुलाई 2022 तक आयोजित किए जा रहे बिजली महोत्सव एवं उजाला दिवस के सफलतापूर्वक निष्पादित किए जाने की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर बताया गया कि विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद के दो ऐसे ग्रामों जिनको विगत में केन्द्र की विद्युतीकरण योजना से आच्छादित किया गया हो तथा जिनका स्वतन्त्रता संग्राम में विशेष योगदान रहा हो, में दो उपयुक्त स्थलों का चयन कर उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य - ऊर्जा/2047 के संबंध में जनजागरण किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों यथा मा0 विधायक, मा0 सांसद, क्षेत्र प्रमुख आदि जनप्रतिनिधिगण को आमंत्रित कर सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्युत तंत्र के विकास हेतु ऊर्जा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों का भी विशेष उल्लेख किया जा रहा है। इस अवसर पर बताया गया कि जनपद मुरादाबाद के अन्र्तगत समस्त विद्युत वितरण खण्डों द्वारा इस दिशा में प्रभावी अनुसरण कर बिजली महोत्सव आयोजन का सफल निष्पादन किया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी विद्युत खण्डों द्वारा उपभोक्ता शिकायतों (मा0 मुख्यमंत्री पोर्टल, आईजीआरएस, 1912 से प्राप्त) का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी किया जाये तथा सभी निरीक्षण आख्याएं शासन को प्रेषित की जा रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, श्री गोपाल अंजान, मुख्य अभियन्ता विद्युत, सहित विद्युत विभाग के अभियन्तागण उपस्थित थे।

# कमिश्नर ने मनरेगा में खराब प्रगति हेतु अमरोहा सीडीओ को नोटिस दिया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने शासन की प्राथमिकता प्राप्त मनरेगा योजना अन्तर्गत खराब एवं असंतोषजनक प्रगति पर अमरोहा के मुख्य विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जिलाधिकारी अमरोहा को निर्देशित किया है कि वे मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा का स्पष्टीकरण प्राप्त कर एक सप्ताह में अपने अभिमत सहित वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करें। उक्त जानकारी डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा में जनपद अमरोहा की स्थिति असंतोषजनक पाई गयी, चूंकि वित्तीय वर्ष 2020-21 व 2021-22 के अपूर्ण कार्यों के अर्न्तगत अमरोहा जनपद में 42 प्रतिशत कार्य अभी भी अपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेवर बजट के अनुसार अमरोहा जनपद में कुल 40 खेल मैदान निर्माण किए जाने के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 2 (5 प्रतिशत) पर ही कार्य प्रगति में है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेबर बजट के अनुसार अमरोहा जनपद में कुल 5934 के सापेक्ष मात्र 602 (10 प्रतिशत) व्यक्तिगत लाभार्थीपरक कार्य प्रगति में हैं, जो अत्यन्त असंतोषजनक प्रगति है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि अमरोहा जनपद में महिला मेट तैनाती में कुल 364 के सापेक्ष मात्र 25 महिला मेट (7 प्रतिशत) ही तैनात है जो मण्डल में सार्वधिक खराब प्र्रगति है। व्यक्तिगत पशु शेड निर्माण के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लक्ष्य 243 के सापेक्ष मात्र 5 (2 प्रतिशत) पर ही कार्य प्रारम्भ हुआ है तथा सोशल आडिट के अर्न्तगत अभी भी रु0 1.48 लाख की धनराशि की वसूली किया जाना शेष है। कमिश्नर ने अपने नोटिस में स्पष्ट किया है कि विगत मण्डलीय समीक्षा बेठकों में भी मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा को मनरेगा योजना के अर्न्तगत चल रहे कार्यों पर खराब प्रगति में सुधार के निर्देश दिए जाते रहे हैं, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि न तो उनके द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन किया जा रहा है और न ही अपने विभागीय कार्यों में रुचि ली जा रही है। कमिश्नर ने जिलाधिकारी अमरोहा से अपेक्षा की है कि खराब प्रगति के संबंध में सीडीओ अमरोहा का स्पष्टीकरण प्राप्त कर एक सप्ताह में अपने अभिमत सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# बिलारी में जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - अपनी जमीन बेचने के नाम पर लाखों की रकम हड़प ली। इस मामले में अदालत के आदेश पर 8 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। बिलारी के मोहल्ला अब्दुल्ला के रहने वाले मोहम्मद इरफान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया उन्होंने एक जमीन की खरीद-फरोख्त के बारे में रवि रस्तोगी, कपिल रस्तोगी आदि से सौदा किया था। जमीन बेचने के नाम पर उन्होंने बहाना बनाकर 46 लाख रुपए से अधिक की रकम को हड़प लिया। बैनामा कराने के वक्त बहाना बनाकर मौके से रजिस्टर ऑफिस से चले गए। इतना ही नहीं जमीन के नाम पर दूसरों के अकाउंट में भी पैसा डलवाया गया। इस मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने रवि प्रकाश रस्तोगी, कपिल रस्तोगी, सार्थक रस्तोगी, पर्व रस्तोगी, राखी रस्तोगी, साधना गुप्ता, मोहम्मद उमर, हिना बत्रा आदि के विरुद्ध धोखाधड़ी व अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया है।

# वारंट जारी होने के बाद कोर्ट पहुंचे बरेली के पासपोर्ट अधिकारी, अब्दुल्ला के जन्म प्रमाण पत्र मामले में दी गवाही



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -रामपुर। सपा विधायक अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट मामले में शनिवार को पासपोर्ट अधिकारी नसीम अहमद गवाही के लिए कोर्ट पहुंचे। शुक्रवार को अदालत ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे। जन्म प्रमाण पत्र मामले में उनकी गवाही पूर हो गई। अब उनसे अगली सुनवाई पर जिरह होगी, जबकि पासपोर्ट मामले में उनसे बचाव पक्ष द्वारा जिरह की गई। जिरह पूरी नहीं हो सकी। सपा विधायक आजम खां के बेटे अब्दुल्ला के खिलाफ अलग-अलग जन्मतिथि के दो जन्म प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट बनवाने के आरोप में भाजपा नेता आकाश ने मुकदमे दर्ज कराए थे। जन्म प्रमाण पत्र मामले में अब्दुल्ला के अलावा उनके पिता शहर विधायक आजम खां और मां पूर्व सांसद डा. तजीन फात्मा भी नामजद हैं, जबकि पासपोर्ट मामले में अकेले अब्दुल्ला आरोपित बनाए गए हैं। इन मुकदमों की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में चल रही है। इन दोनों मुकदमों में अभियोजन ने पासपोर्ट अधिकारी को भी गवाह बनाया है। अदालत ने शुक्रवार को गवाही के लिए न आने पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे। शनिवार को सुनवाई के दौरान पासपोर्ट अधिकारी कोर्ट पहुंचे। भाजपा नेता के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र मामले में पासपोर्ट अधिकारी की गवाही हो चुकी है। अब उनसे तीन अगस्त को बचाव पक्ष द्वारा जिरह की जाएगी। पासपोर्ट मामले में उनकी गवाही हो चुकी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा अब जिरह शुरू हो चुकी है। जिरह के दौरान बचाव पक्ष द्वारा पासपोर्ट अधिकारी से अब्दुल्ला के पहले पासपोर्ट बनने की जानकारी की। जिरह पूरी नहीं सकी है। इसमें भी अदालत ने तीन अगस्त नियत की है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान शहर विधायक आजम खां और उनके बेटे विधायक अब्दुल्ला कोर्ट में मौजूद नहीं थे। हालांकि मुकदमे के वादी भाजपा नेता कोर्ट पहुंचे थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Then the MiG-21 crash

The news of the accident of MiG-21 fighter aircraft of IAF in Barmer, Rajasthan is disturbing. Two pilots of the Air Force lost their lives in this accident. The accident happened when the two-seat aircraft was being trained for attack.

The plane took off from the Air Force's landing center in Rajasthan and the accident happened when it was flying near Barmer. The MiG-21 has long been the most trusted aircraft of the Indian Air Force. At this time, when many modern fighter aircraft have arrived in the Air Force, the MiG-21 remains its backbone. It was included in its bomber fleet by India 60 years ago.

Remember that surgical strike, when Wing Commander Abhinandan Varthaman had entered Pakistan on this MiG-21 to destroy the training camps of terrorists and shot down Pakistan's US-made F-16 aircraft there. Earlier this aircraft also played a very important role in the liberation war of Bangladesh.

However, due to one accident after another, this Russian-made aircraft has been in controversy for some time and there have been talks of its departure from the Air Force. With the latest accident, all those old controversies have once again come into the limelight. Statistics show that since 1970-71 till now there have been more than 400 accidents of this aircraft in India and more than 200 pilots have been killed in them. More than 50 other people have also lost their lives in these accidents.

During the UPA government, the then Defense Minister AK Antony told the Lok Sabha that India has so far procured a total of 872 MiG-21s, of which more than half have crashed. Because of these accidents, it is also called the flying coffin. It is also said that MiG-21 is such an aircraft, due to which our airmen lose their lives even in peace time. About a decade ago, retired Wing Commander Sanjit Singh Kalia had filed a petition in the court demanding that this aircraft be given farewell from the Air Force.

They argued that this aircraft violates my right to operate in safe conditions. Actually, Sanjit Singh Kalia himself had narrowly survived a MiG-21 accident. But this aircraft, which played a very important role in the Indian defence, could not be thrown away so quickly. The MiG-21 was the biggest symbol of the Soviet system in the world's defense business.

The Soviet system has become history, but this aircraft still remains the current defense of many countries. Now its entire business is in the hands of Russia. These aircraft were sold to many countries of the world, so there is still a huge market for its parts. It is said that the quality of these parts is very poor, which is the main reason for accidents. The cause of the latest crash is yet to be ascertained, but whatever it is, the time has come to make this archaic plane a thing of the past. It may not be given a sudden farewell, but a timetable needs to be made to retire it in a phased manner.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## Shahnaz Gill wants to get married? This big disclosure was made in front of Masaba Gupta regarding the boy!



Masaba Gupta has appeared with the new season of her popular show Masaba Masaba. This time too she is seen sharing onscreen bonding with her mother Neena Gupta. Recently, Masaba has shared a video on her social media account, in which she is seen with Punjab's Katrina Kaif Shahnaz Gill. In this chit chat, Shahnaz Gill and Masaba are asking each other some questions and both of them have to give correct answers. Both Masaba and Shahnaz are asking each other Google's most popular questions. In which first Masaba asks Shahnaz why you are called Sana. So Shahnaz replies that my parents had come to know that I was going to be a brand. So one name won't work so I have another name 'Sana'. After this Masaba asked what is this character peacock? Sana replied, the reverse character of character lace is peacock. In this round of question and answer, Masaba tells Sana a fan's question that- someone is asking will you marry me. In response, Sana says yes, send your resume.. But let me tell you that it is very difficult for me to bear it. Let us tell you that after the death of actor Siddharth Shukla, people have also seen Shahnaz very broken. In such a situation, the fans are happy to see the actress looking so cheerful. Also, hearing that she is ready for marriage, social media users are also a bit shocked. Sidnaz fans are lavishing love on this video.

## Dheeraj Dhoopar was seen liplocking in pregnancy photoshoot, Vinny Arora wrote Dil Ki Baat in the caption

TV actors Dheeraj Dhoopar and Vinny Arora are soon going to be parents. The two recently got a maternity photoshoot done and shared these beautiful pictures with the fans. In the photos, Vinny and Dheeraj are seen kissing each other. Vinny Arora is wearing a cream colored suit and Dheeraj Dhoopar is wearing a white shirt and jeans. Both are looking very cute and these pictures are going viral on the internet.“Liplock in pregnancy photoshoot - Vinny Arora was seen flaunting her baby bump in this beautiful dress and while sharing these pictures, she wrote in the caption, 'The happiness you gifted has now turned into little kicks.' In the comment box, people are seen praising the pair of Vinny and Dheeraj fiercely and are not tired of praising them. Riddhi Dogra wrote in the comment section – I was just about to message you. Shiney Doshi, Roohi Chaturvedi and Sudip Sahir, who are very close to the couple, have also given their reaction by creating heart and fire emoji in the comment section. Have shared photos with baby bump in the past - Vinny has also shared his baby bump for the fans earlier. Have been sharing pictures. Recently, she shared some of her pictures with Dheeraj Dhoopar in a red dress. In another photo, she was seen with Dheeraj in a white and black suit. In this photo, Dheeraj Dhoopar was wearing a black shirt which looked amazing on him.



# दुष्कर्म में आरोप सिद्ध होते ही कठघरे से फरार हुआ आरोपी

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अपहरण और दुष्कर्म के मामले बहस के बाद आरोप सिद्ध होते ही आरोपी कठघरे से भाग गया। हेड मोहर्रर ने इसकी कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई अपहरण और दुष्कर्म के मामले बहस के बाद आरोप सिद्ध होते ही आरोपी कठघरे से भाग गया। हेड मोहर्रर ने इसकी कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी की तलाश में जैथरा और कोतवाली नगर पुलिस को लगाया है। देरशाम तक कोई सुराग नहीं लग सका है। कोतवाली अलीगंज के गांव टपुआ निवासी कुलदीप उर्फ दीपू पुत्र जय सिंह पर वर्ष 2014 में थाना जैथरा में किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था। विवेचना में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी हुई थी। वह जमानत पर चल रहा था। गुरुवार को आरोपी की एक्सक्लूसिव पॉक्सो कोर्ट में आरोपी की पेशी थी। सुनवाई के बाद आरोपी पर आरोप सिद्ध हो गए। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी के वारंट जारी करते हुए पुलिस हिरासत में लेने के आदेश दिए।

हेड मोहर्रर सिपाही राकेश कुमार वारंट पर हस्ताक्षर कराने के लिए गए थे और दोषी को कठघरे में छोड़ दिया था। हस्ताक्षर कराने के बाद वह लौटे तो दोषी मौके पर नहीं मिला। इधर उधर देखा तो वह कहीं पर भी नहीं मिला। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। पुलिस ने भी आरोपी की तलाश की पर उसका पता नहीं चल सका। हेड मोहर्रर ने आरोपी दीपू उर्फ कुलदीप निवासी टपुआ अलीगंज के विरूद्ध कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी तारीख पर आया था। सुनवाई के बाद जज ने आरोपी को दोषी माना था। उसके वारंट जारी कर पुलिस हिरासत में दिया था। हेड मोहर्रर हस्ताक्षर कराने के लिए गए थे। इसी दौरान दोषी भाग गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हेड मोहर्रर पर विभागीय जांच बैठाते हुए कार्रवाई की जाएगी।-धनंजय सिंह कुशवाह, एएसपी एटा

## जलेसर में संविदा शिक्षिका के साथ मारपीट

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जलेसर की जीजीआईसी में प्रधानाचार्य और संविदा शिक्षिका के बीच विवाद हो गया। शिक्षिका ने प्रधानाचार्य पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बेहोश एटा में जलेसर की जीजीआईसी में प्रधानाचार्य और संविदा शिक्षिका के बीच विवाद हो गया। शिक्षिका ने प्रधानाचार्य पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बेहोश हुई शिक्षिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जलेसर में नीलम संविदा शिक्षिका है और वह परिधान एवं खाद्य संरक्षण पढ़ाती है। अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीएम ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए है।

# पिटाई से युवक की मौत मामले में दोषी को सात साल सजा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पिटाई से युवक की हुई मौत के मामले में दोषी को सात साल की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाने के साथ ही अर्थदंड से दंडित भी किया पिटाई से युवक की हुई मौत के मामले में दोषी को सात साल की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाने के साथ ही अर्थदंड से दंडित भी किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त समय तक जेल में रहना होगा। मामला दस जुलाई 2007 का है। जिला अलीगढ़ थाना दादों के गांव नबावपुर निवासी नत्थू सिंह ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि गांव पिलखौरा खैर अलीगढ़ निवासी भांजे राजेश को निधौलीकलां पुलिस ने पकड़ लिया था, मौके पर पहुंचने पर पुलिस भांजे की पिटाई कर रही थी। अगले दिन भांजे की पैरवी को एटा आया। पुलिसवाले भांजे को अदालत के सामने डालकर गायब हो गए थे। पास जाकर देखा। भांजे की मौत हो चुकी थी।

हाथ में हथकड़ी पड़ी थी। मामले की रिपोर्ट कोतवाली नगर में दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच की। विवेचना के दौरान आरोपी बबलू पुत्र वेदराम निवासी मोहल्ला काछियान निधौली कलां, नन्नू, वेदराम के नाम प्रकाश में आए थे। विचारण के दौरान नन्नू, वेदराम की मौत हो चुकी है। पुलिस ने गवाहों को पेश किया था। सरकारी अधिवक्ता शांतनु पाराशर, मीनाक्षी सक्सेना ने दलीलें पेश की। दलीलें सुनने के बाद अपर जिला जज त्वरित न्यायालय द्वितीय के न्यायाधीश कैलाश कुमार ने आरोपी बबलू को दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई साथ ही पच्चीस हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है।

# पैसे लेकर बिना टिकट यात्रा कराने वाला बस कंडक्टर बर्खास्त

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डिपो की अनुबंधित बस में नौ यात्रियों को बिना टिकट ले जाते रोडवेज के संविदा परिचालक को चेकिंग टीम ने पकड़ एटा डिपो की अनुबंधित बस में नौ यात्रियों को बिना टिकट ले जाते रोडवेज के संविदा परिचालक को चेकिंग टीम ने पकड़ लिया। उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। उसकी जमानत राशि भी जब्त की जाएगी। बीते दिन बुधवार को एटा-आगरा रूट की एक अनुबंधित बस पर कार्यरत संविदा परिचालक यादवेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह ने एटा से रजावली तक की 01 और अवागढ़ तक की कुल 08 सवारियों सहित 09 सवारियों से किराये का पैसा लेने के



बाद भी उन्हें टिकट नहीं दी। वह इन सवारियों को बगैर टिकट बस में बैठा कर यात्रा करा रहा था। इसी दौरान अवागढ़ पर आगरा की एमटी स्क्वायड टीम ने टिकट निरीक्षण को बस को रुकवा लिया। निरीक्षण में चेकिंग टीम ने पाया कि बस में कुल 09 सवारियां बगैर टिकट थीं। जब टीम ने बगैर टिकट यात्रा के संबंध में पूछा तो सवारियों ने बताया कि परिचालक ने किराए के पैसे लेकर भी टिकट नहीं दिया है। इसे देखते हुए स्क्वायड टीम ने वेबिल पर कार्रवाई करते हुए परिचालक पर 2650 रुपये का जुर्माना किया। इसके साथ ही एटा डिपो एआरएम को टिकट चोरी करने वाले परिचालक के संबंध में सूचना दी। इसे लेकर एआरएम ने परिचालक का पक्ष लेते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। इसको देखते हुए एआरएम ने दोषी परिचालक की संविदा समाप्त करते हुए जमानत राशि भी जब्त करने का क्षेत्रीय प्रबंधक अलीगढ़ को पत्र लिखा है। परिचालक यादवेंद्र सिंह रोडवेज को टिकट चोरी कर राजस्व हानि पहुंचा रहा था। जिसे आगरा की एमटी स्क्वायड टीम ने पकड़ा है। परिचालक की संविदा समाप्त कर जमानत राशि भी जब्त कर ली गई है।- राजेश यादव, एआरएम एटा डिपो

# अलीगंज बीडीओ ने गौशाला-तालाबों का किया निरीक्षण

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- ब्लॉक अलीगंज में नवागत बीडीओ दिनेश चन्द शर्मा ने ग्राम पंचायत सरोतिया में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ अशोक रतन शाक्य के साथ अमृत सरोवर योजना के तहत ब्लॉक अलीगंज में नवागत बीडीओ दिनेश चन्द शर्मा ने ग्राम पंचायत सरोतिया में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ अशोक रतन शाक्य के साथ अमृत सरोवर योजना के तहत बन रहे तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण में तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान को तालाब निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने ग्राम पंचायत अलीगंज देहात स्थित अस्थायी गोशाला में गायों की सेवा करने के लिए गुड़ मिठाई खिलायी। जहां उन्हें अव्यवस्थाएं देख नाराजगी जतायी। ग्राम प्रधान संतोष कुमार यादव, पंचायत सचिव राजेंद्र सिंह को गोशाला की व्यवस्थाओं को जल्द सुधारने की के निर्देश दिए। निरीक्षण में सुमित शाक्य, जेई आरईडी दयाराम सरस्वती, ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह, पंचायत सचिव राजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान संतोष कुमार यादव, तकनीकी सहायक हरीश कुमार मौजूद रहे।

# कर्ज में डूबा युवक सुसाइड नोट छोड़ घर से लापता

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कर्ज में डूबे युवक ने सुसाइड नोट लिखकर घर से चला गया है। युवक का पता नहीं चल सका है। उसके कपड़े, बाइक हजारा नहर के किनारे मिले कर्ज में डूबे युवक ने सुसाइड नोट लिखकर घर से चला गया है। युवक का पता नहीं चल सका है। उसके कपड़े, बाइक हजारा नहर के किनारे मिले हैं। उसका पता नहीं चल सका है। कोतवली नगर के मोहल्ला होली निवासी आविद उर्फ सादाब कमेटी चलाता था। कमेटी के रुपये न दे पाने के कारण उस पर कर्ज हो गया था। जिससे वह परेशान था। आविद घर में सुसाइड नोट छोड़कर निकल गया है। सुसाइड नोट में लिखा कि उसके घरवालों को परेशान न करे। लापता युवक के कपड़े, बाइक हजारा नहर के पास मिले हैं। आशंका जताई जा रही है

युवक नहर में कूद गया होगा। हालांकि इस लेकर पुष्टि नहीं है। घरवालों ने बुधवार शाम को नगर पुलिस को सूचना दी है। घरवालों के अनुसार युवक का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

# बारिश के बीच नौकरी पाने को पहुंचे 37 युवा, 19 को मिली नौकरी

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शुक्रवार को सेवायोजन विभाग ने जिला पंचायत स्थित कार्यालय पर रोजगार मेले का आयोजन किया। बारिश होने के कारण बेहद कम अभ्यर्थियों के अलावा कुल दो शुक्रवार को सेवायोजन विभाग ने जिला पंचायत स्थित कार्यालय पर रोजगार मेले का आयोजन किया। बारिश होने के कारण बेहद कम अभ्यर्थियों के अलावा कुल दो कंपनियां आने से मेला पूरी तरह सफल




नहीं हो सका। शाम तक 19 लोगों को नौकरी के लिए चयन कर लिया। रोजगार मेला सुबह दस बजे शुरू हो गया, लेकिन बारिश होने कारण नोएडा एवं गाजियाबाद से आने वाले कई मल्टीनेशनल एवं टैक्नीकल कंपनियों के एचआर मेले में उपस्थित नहीं हो सके। जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में बारिश के कारण कुल 37 बेरोजगारों ने ऑफ एवं ऑनलाइन के माध्यम से प्रतिभाग किया। जिसमें से 19 बेरोजगार युवाओं को मेले में मौजूद ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल एवं आयुर्वेदिक कंपनी एवं विजन इंडियां सर्विसेज कंपनियों के एचआरर्स ने नौकरी के अवसर प्रदान किए।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

खबर का असर

# क्षेत्रीय विधायक ने तीन किलोमीटर पैदल चलकर गांव आनंदपुर का किया भ्रमण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ओड़गी- बीते दिनों ओड़गी विकासखंड के गांव आनंदपुर के पंडो बहुमूल्य पारा इमलीपारा व बहेराडाड में सड़क नहीं होने पर पंडो जनजाति मरीजों को खाट पर ढोकर ले जाने के लिए मजबूर थे। जिस समस्या को लेकर मीडिया के माध्यम से प्रमुखता से उजागर किया था। समस्या उजागर होते ही शासन प्रशासन समेत आला अधिकारी हरकत में आ गए। यह था पूरा मामला गांव आनंदपुर के इमलीपारा की पंडो जनजाति महिला सोनकुवंर पंडो पति बृजलाल पंडो उम्र लगभग 30 को अपने घर पर सर्प ने फूंक मार दिया था जिससे महिला बेहोश हो गई थी पारा में सड़क नहीं होने के कारण उसे बेहोशी हालत में खाट पर परिजन ढोकर लगभग तीन किलोमीटर चलकर पहुंच मार्ग पर लाया गया था फिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी ले जाया गया तब कहीं जाकर महिला की जान बची थी। यह पंडो बहुमूल्य पारा बरसात के समय नर्क से भी बतर हो जाता था।

- तत्काल सड़क निर्माण के लिए घोषणा
- पंडो बहुमूल्य इमलीपारा व बहेराडाड में नहीं था सड़क

### क्षेत्रीय विधायक ने तत्काल सड़क निर्माण के लिए घोषणा किए

भटगांव के क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े गांव आनंदपुर के इमलीपारा व बहेराडाड में लगभग तीन किलोमीटर पैदल चलकर भ्रमण किए और तत्काल फैसला लेते हुए उनके द्वारा सड़क निर्माण के लिए तत्काल घोषणा किया गया जिसको लेकर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। इस मौके पर गौतम कुशवाहा अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी, मनिहारी लाल पैकरा अध्यक्ष ज.पं., शिवबालक यादव उपाध्यक्ष जप, लवकेश गुर्जर महामंत्री, हिमेंद्र गुर्जर अध्यक्ष युवा कांग्रेस, रामकुमार बंछोर उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, राजेश साहू, बसंत लाल पंडो, रामकुमार राजवाड़े, राजधानी राजवाड़े समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहे? । ग्रामीणों इस समस्या के समाधान के लिए पूरी इलेक्ट्रॉनिक व प्रिन्ट मीडिया और शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किए हैं।

# मोटर सायकल चोर एवं खरीददार को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, 6 मोटर सायकल किया बरामद

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर कोतवाली पुलिस मोटर सायकल चोरों की धरपकड़ एवं चोरी की मोटर सायकल बरामदगी में लगी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 14 जुलाई को मोटर सायकल चोरी मामले में थाना सूरजपुर पुलिस ने आरोपी आशीष गुप्ता को पकड़ा था जिससे 2 चोरी की मोटर सायकल बरामद करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। आरोपी के द्वारा कई और मोटर सायकल चोरी करने के संदेह पर माननीय न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड लेकर आशीष गुप्ता से बारीकी से पूछताछ किया जिसके बाद कड़ी दर कड़ी मोटर सायकल चोरी एवं उसकी बिक्री का खुलासा हुआ। एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में हुए पूछताछ पर आरोपी आशीष गुप्ता ने बताया कि डेढ वर्ष पूर्व 1 मोटर सायकल को पीजी कालेज अम्बिकापुर तथा करीब दो वर्ष पूर्व 2 मोटर सायकल को जिला अस्पताल अम्बिकापुर से चोरी किया और ग्राम कोटेया निवासी देवेन्द्र ठाकुर को 1 मोटर सायकल, ग्राम चउरा राजपुर निवासी गिरजा सोनवानी को 1 मोटर सायकल को बिक्री किया था एवं 1 मोटर सायकल को छिपाकर रखना बताया। कड़ी पूछताछ में यह भी बताया कि दो वर्ष पूर्व उसका साथी अमरजीत राजवाड़े अम्बिकापुर से 3 मोटर सायकल चोरी कर इसे बिक्री करने के लिए दिया था उनमें से 1 मोटर सायकल को ग्राम द्वारिकापुर निवासी देवप्रसाद राजवाड़े को बिक्री किया था शेष 2 मोटर सायकल के लिए ग्राहक न मिलने पर अमरजीत राजवाड़े को वापस कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी अमरजीत राजवाड़े पिता राम गुलाब उम्र 25 वर्ष सा. कोटेया, देवेन्द्र ठाकुर पिता आगेश्वर प्रसाद उम्र 27 वर्ष सा. कोटेया, गिरजा सोनवानी पिता बिसुन उम्र 46 वर्ष सा. चउरा, थाना राजपुर एवं देव प्रसाद राजवाड़े निवासी द्वारिकापुर, थाना जयनगर को दबिश देकर पकड़ा और आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 6 नग मोटर सायकल कीमती करीब 1 लाख 50 हजार रूपये का जप्त कर धारा 41( 1-4 )/379, 411 भादसं. के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक ऐसन पाल, आरक्षक राजकुमार पासवान, सैनिक जहांगीर आलम सक्रिय रहे।


ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991


# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे अखिलेश, लगातार हार से बौखलाए, डिप्टी सीएम केशव का सपा प्रमुख पर पलटवार




बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ट्वीट पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश 2014 से लगातार पराजय का सामना कर रहे है, जिससे वह बौखला गए हैं। यूपी अब एक्सप्रेस-वे वाला प्रदेश बन चुका है इसलिए अखिलेश यह बात बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। भगवान कामदनाथ उन्हें सद्बुद्धि दें। भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने चित्रकूट पहुंचे डिप्टी सीएम शनिवार सुबह भगवान कामदनाथ दरबार पहुंचे। यहां पूजन-अर्चन और आरती के बाद उन्होंने परिक्रमा लगाई। इस दौरान मीडिया के कुछ सवालों का जवाब दिया। प्रशिक्षण वर्ग में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर होने वाली चर्चा कहा कि तैयारियां सतत चलने वाली प्रक्रिया है। भाजपा का यूपी में 75 प्लस का लक्ष्य है। इसके साथ ही बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर अखिलेश यादव की टप्पणी पर कहा कि उनको लगता है कि धरती में वही एक मनुष्य हैं, जिन्होंने आगरा एक्सप्रेस वे बना दिया है। अब यूपी एक्सप्रेस-वे का प्रदेश बन गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बनने से यहां के लोगों की आमदनी बढ़ी है। जो जमीन 50 हजार रुपये बीघे नहीं बिकती थी, अब उसकी कीमत 50 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि भगवान कामदनाथ से प्रार्थना है कि वह अखिलेश को सद्बुद्धि दें।

### संगठन की मजबूती के लिए चर्चाएं

कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण के जरिए प्लान तैयार किए जाते हैं। खासकर संगठन की मजबूती के लिए चर्चाएं होती हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गरीब तक पहुंचाने के लिए मंथन होता है। पार्टी में चुनावी तैयारियां चलती रहती हैं। बूथ स्तर तक संगठन कैसे मजबूत रहे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है।

### पूरी सीटों पर जीत की कवायद

कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सैनी ने कहा कि भाजपा संगठन पर आधारित पार्टी है। बूथ स्तर तक पार्टी मजबूत हो, इसके लिए प्रशिक्षण में चर्चाएं होती हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में यूपी की 75 सीटों पर जीत मिली थी, इस बार पूरी 80 सीटों पर जीत हासिल करने की कवायद चल रही है।

### आगे की बन रही रणनीति

कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो कार्य हो रहे हैं, उनको आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने आम लोगों के हित में योजनाएं संचालित कर रखी हैं। इन योजनाओं को निचले स्तर तक पहुंचाना है। प्रशिक्षण में पार्टी की विचारधारा के साथ ही संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श चल रहा है।

### विपक्ष के पास नीति-सिद्धांत नहीं

पूर्व डिप्टी सीएम डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अलग-अलग विषयों पर प्रकाश डाला जाता है। प्रशिक्षण एकतरह से पथ-प्रदर्शक होता है। आजादी के बाद एक ही माओवादी विचारधारा रही है। इसके बाद भारतीय संस्कृति और विचार के आधार पर भाजपा ने काम किया है। प्रशिक्षण में जनसंघ से लेकर भाजपा की यात्रा पर चर्चा होती है। सामाजिक, राष्ट्रवाद, आर्थिक संतुलन, भाजपा की रीति-नीति, सिद्धांत पर चर्चाएं व मंथन होता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई नीति, सिद्धांत नहीं है। उनके पास जाति, धर्म के साथ ही अनैतिक प्रलाप भर बचा है।

### योजनाओं को लेकर मंथन

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हमीरपुर की प्रभारी रंजना उपाध्याय ने कहा कि बुंदेलखंड में पेयजल की सबसे बड़ी समस्या थी। सरकार ने इसके लिए हर घर नल योजना को धरातल में उतारने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि योजना का करीब 60 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग तो सतत प्रक्रिया जिसमें संगठन की मजबूती और सरकार की योजनाओं को धरातल में पहुंचाने पर मंथन किया जाता है।